दिनांक—09.08.2024 समय—7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :—**

- बंगलुरू में निवेषक सम्मेलन रहा सफल। 32 सौ करोड़ रूपये के आए प्रस्ताव, 7 हजार लोगों को मिलेंगे रोजगार।
- देश म आज से हर घर तिरंगा अभियान की षुरूआत। प्रदेष में भी होंगे कई कार्यक्रम।
- नागपंचमी के अवसर पर प्रदेष में नाग मंदिरों में विषेष पूजा अर्चना का आयोजन।
- नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में जीता रजत पदक, भारत को अब तक एक रजत और चार कांस्य पदक।

## बैंगलुरु—समिट

प्रदेश के युवाओं के कौशल बढ़ाने के लिए गूगल क्लाउड ने मध्यप्रदेश में स्टार्टअप हब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैंगलुरू में आयोजित निवेशकों के सम्मेलन के बाद यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि तेजस विमान के निर्माता हिन्दुस्तान ऐरोनाटिक्स लिमिटेड से प्रदेश में रक्षा संबंधी उद्योग स्थापना के संबंध में चर्चा हुई है। इसी प्रकार एन वीडिया ने मध्यप्रदेश को 'भारत की इंटेलिजेंस राजधानी' के रूप में स्थापित करने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार करने का सुझाव दिया है। बेंगलुरू में इन्वेस्ट मध्यप्रदेश सत्र के अंतर्गत इन्वेस्टमेंट अर्पोच्यूनिटिज इन मध्यप्रदेश के इंटरेक्टिव सत्र में प्रदेश में लगभग 3200 करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, इससे लगभग रोजगार के 7 हजार अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेंगलुरू में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के सकारात्मक परिणाम, 28 अगस्त को ग्वालियर में होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में दिखेंगे।

## मुख्यमंत्री

बैंगलुरू में इन्वेस्ट मध्यप्रदेश में कर्नाटक सहित अन्य राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आईटी कंपनियों की ख्यातिनाम संस्था नैसकॉम और स्पेस टेक्नोलॉजी सेक्टर के प्रतिनिधियों तथा इन्फोसिस, इत्यादि के साथ प्रदेश में आईटी के विकास और उनके भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा हुई। लैप इंडिया, रिलायंस कंज्यूमर, डीएचएल ग्लोबल, टेक महिंद्रा, माइक्रोसॉफ्ट, केनेस टेक्नोलॉजी, किर्लोस्कर सिस्टम्स सहित 30 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों से वन—टू—वन मीटिंग की गई। साथ ही इन्वेस्ट मध्यप्रदेश में ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, इटली और फ्रांस के महावाणिज्यकों के साथ—साथ 15 से अधिक राजनयिक मिशन ने सहभागिता की। आईटी सेक्टर में एमपीएसईडीसी के साथ 4 एमओयू भी किए गए।

## हर घर तिरंगा अभियान

देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान 9 से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में वर्ष 2022 में शुरू किया गया था और पिछले वर्ष दस करोड से अधिक लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे अपलोड किया। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 13 अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे।

प्रदेषभर में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। रतलाम षहर में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन जिला प्रषासन द्वारा किया जा रहा है। नीमच में भी आज से कई आयोजन किये जा रहे हैं।

## निशुल्क जांच

प्रदेश में आज से गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा की शुरुआत हो रही है। उप–मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम रीवा में निःशुल्क सेवा सुविधा का शुभारंभ करेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं को संबद्ध प्राइवेट सोनोग्राफी केन्द्रों पर भी निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा प्राप्त होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रबंधन में सहायक होगा जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने में सहायक होगा।

## नागपंचमी

आज नाग पंचमी का पर्व प्रदेश में पारंपरिक श्रृद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उज्जैन में साल में एक बार नाग पंचमी के अवसर पर खुलने वाले भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट कल रात्रि 12 बजे शुभ मुहूर्त में खोले गए । मंदिर के पट खुलने के बाद सर्वप्रथम पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीतगिरी जी महाराज ने विधि–विधान से श्री नागचंद्रेश्वर भगवान का पूजन अर्चन किया । रात्रि से ही बड़ी संख्या में लोग यहा दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। नागपंचमी के मौके पर आज आगरमालवा जिले के विभिन्न नागमंदिरों में विषेष पूजा–अर्चना की जा रही है। जिला मुख्यालय स्थित राममालियों की चारचरस की बावड़ी पर वर्ष में एक बार होने वाली विषेष पूजा की जा रही है। खंडवा में रामेश्वर कुंड नाग मंदिर, हाटकेश्वर वार्ड नाग मंदिर, शिवाजी चौक स्थित नाग मंदिर के साथ ही ग्राम रोशनाई के साथ अन्य नाग मंदिरों में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं।

## पेरिस–ओलंपिक

पेरिस ओलिंपिक में, भारतीय एथलीट, नीरज चोपड़ा ने सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ, 89 दशमलव चार–पांच मीटर थ्रो करके कल रात पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता। वहीं, पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92 दशमलव नौ–सात मीटर के थ्रो के साथ, ओलिंपिक रिकॉर्ड को तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में नीरज के इस पदक के साथ भारत के कुल पदको की संख्या पांच हो गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक हासिल करने पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। वहीं हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रुपये पुरस्कार की घोषणा की है। भारतीय टीम ने स्पेन को दो–एक से हराकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक पदक पदक हासिल किया।

पेरिस ओलंपिक खेलों में आज अमन सहरावत पुरूषों की 57 किलोग्राम भार वर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक के लिए प्यूर्टो रिको के डैरियन क्रूज़ से भिडेंगे।

## समाचार संक्षेप में .....

- इन्दौर में वर्ष 2024–25 में राज्य पोषित योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कस्तुबाग्राम में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।
- खरगोन जिले के उन थाना क्षेत्र में एक युवक की सेल्फी लेने के दौरान पेड़ से गिर जाने के चलते मौत हो गई। ऊन के थाना प्रभारी ने बताया कि सिनखेड़ी निवासी 25 वर्षीय युवक की सेल्फी लेने के दौरान गिर जाने के चलते मृत्यु हो गई।
- मुरैना में अग्रणी जिला प्रबंधक एन.के. मंगल के आदेशानुसार ग्राम काजीबसई एवं किशनपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणजनों को सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति, एपीवाई, सुकन्या योजना एवं बैंक से संबंधित जानकारी दी गई।
- मन्दसौर में श्रावण माह के 12 अगस्त को शाही पालकी का आयोजन किया जाएगा। वही 19 अगस्त को शाही सवारी का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अदिति गर्ग, ने सवारी के रूट का निरीक्षण किया।

..................................